प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भाजपा ने देश की राजनीति में स्थापित किया राष्ट्र प्रथम का नया सिद्धांत–स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को दी बधाई।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव को लेकर पांच फीसदी आरक्षण संबंधी उपायुक्तों की शक्तियों पर लगाई रोक–कल शाम तक नया रोस्टर जारी करने के आदेश।
- खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरूपयोग रोकने के लिए निरीक्षण जारी– अब तक किए गए 2 हज़ार से अधिक निरीक्षण।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कोटखाई के देवरी–खनेटी में लगभग 38 करोड़ रूपए से बनी उठाउ पेयजल योजना का किया लोकार्पण।
- राज्य में 9 अप्रैल तक व्यापक वर्षा की संभावना– अगले दो दिन अनेक जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अर्लट।

भाजपा दिवस–प्रधानमंत्री

भारतीय जनता पार्टी का आज 47वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। अपने वीडियो संदेश में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की राजनीति में राष्ट्र–प्रथम का नया सिद्धांत स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह दिन राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भाजपा के संस्थापकों, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, कुशाभाऊ ठाकरे, अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को भी याद किया। उन्होंने पार्टी के लिए दिन–रात काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान को भी सराहा।

सौदान सिंह

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने आज मण्डी के सैन मोहल्ला में आयोजित भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माण का संकल्प है। सौदान सिंह ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी और आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम व समर्पण से ये दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व सपना देख है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास मंत्र के साथ देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र के बेहल में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया।

पंचायत रोस्टर

प्रदेश उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनावों को लेकर उपायुक्तों को 5 फीसदी आरक्षण संबंधी शक्तियों पर आज रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि उपायुक्तों ने इन शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए आरक्षण में बदलाव किया है तो कल शाम तक नया आरक्षण रोस्टर जारी करें।
इस बीच राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर अनेक जिलों में आज आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया गया था।

गैस आपूर्ति

प्रदेश में गैस सिलेंडरों की प्राप्ति और वितरण पर राज्य सरकार द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है और घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग को रोकने के लिए निरीक्षण किए जा रहे हैं। खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक कुमद सिंह ने आज शिमला में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर सभी जिला नियंत्रकों के साथ एक बैठक की। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरूपयोग रोकने के लिए प्रदेश में पहली अप्रैल से अब तक दो हजार सात निरीक्षण किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों को पांच किलो के गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं और इस समय राज्य में लगभग 3 हजार 7 सौ सिलेंडर उपलब्ध है। कुमद सिंह ने बताया कि पैट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर से जुड़ी शिकायत को लेकर उपभोक्ता टोल फ्री नम्बर 1967 पर कॉल कर सकते हैं।

बस सेवा

शिलाई से शिमला के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बस सेवा शुरू हो गई है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज शिलाई में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने शिलाई से कफोटा तक यात्रियों के साथ बस में यात्रा की। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के शुरू होने से लोगों की पिछले लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि शिमला के अलावा अन्य प्रमुख स्थानों के लिए भी शिलाई से राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बसें चलाई जाएंगी।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला जिले में कोटखाई क्षेत्र के देवरी खनेटी में 38 करोड़ 8 लाख रूपए से बनी उठाउ पेयजल योजना का उदघाटन किया। ये योजना पब्बर नदी से बनाई गई है और इससे क्षेत्र की 23 पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। अग्निहोत्री ने बताया कि जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 3 सौ करोड़ रूपए की जल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है जो जल्द पूरा किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने लगभग दो करोड़ रूपए से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी खनेटी का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि पब्बर नदी से उठाउ पेयजल योजना के निर्माण से क्षेत्र के लोगों की पेयजल की किल्लत दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में प्रदेश में सबसे अधिक 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी स्वीकृत हुआ है।

एम्बुलेंस

प्रदेश में 108 और 102 एम्बुलेंस कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर बीती रात से हड़ताल पर चले गए हैं। इन कर्मचारियों ने आज राज्य सचिवालय शिमला के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एम्बुलेंस कर्मचारी युनियन के महासचिव बालक राम ने बताया कि इस पांच दिवसीय हड़ताल में प्रदेश में लगभग 12 सौ कर्मचारी शामिल है। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में काम से हटाए गए कर्मचारियों की बहाली, न्यूनतम वेतन लागू करना और उनके हित में अदालत द्वारा दिए गए आदेश को लागू करना है। बालक राम ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती एम्बुलेंस कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल जारी रहेगी।

राज्यपाल भेंट

सेना प्रशिक्षण कमान शिमला के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने आज लोक भवन शिमला में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को आरट्रेक द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पहलों का उद्देश्य सेना के जवानों की तैयारियों व दक्षता को बढ़ाना है। इस मौके पर राज्यपाल ने सेना की ताकत बढ़ाने के लिए निरंतर आधुनिकीकरण और तकनीकी अनुकूलन के महत्व पर बल दिया।

मौसम

मौसम विभाग ने आज से 9 अप्रैल तक राज्य के अनेक स्थानों पर व्यापक वर्षा की संभावना जताई है। इस दौरान कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सोलन और शिमला जिले के कुछ भागों में 7 व 8 अप्रैल को ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना भी जताई गई है।

संघ यात्रा

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की जिला इकाई द्वारा शिमला में आज एक जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संघ के सह सरकार्यवाहक अरूण कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपनी स्थापना से लेकर देश सेवा व राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संघ समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहा है।

टैक्सी यूनियन

कांगड़ा जिले में निजी ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के खिलाफ आज धर्मशाला में विरोध प्रदर्शन किया। इसमें जिले भर से आए ट्रांसपोर्ट यूनियनों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। ये ट्रांसपोर्टर जिले में 21 से अधिक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और एम.वी.आई. केंद्रों को बंद करने का विरोध कर रहे हैं। इनका कहना है कि जिले की दूर दराज के क्षेत्रों से टैक्सी व बस चालकों को अपने वाहनों की पासिंग के लिए देहरा जाना पड़ रहा है। उन्होंने सभी तहसीलों में ए.टी.सी सेंटर खोलने की मांग की है।

वहीं पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने भी राज्य सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि निजी ट्रांसपोर्टरों को अपने घरों के नजदीक ही पासिंग की सुविधा मिलनी चाहिए।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भाजपा ने देश की राजनीति में स्थापित किया राष्ट्र प्रथम का नया सिद्धांत–स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को दी बधाई।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव को लेकर पांच फीसदी आरक्षण संबंधी उपायुक्तों की शक्तियों पर लगाई रोक–कल शाम तक नया रोस्टर जारी करने के आदेश।
- खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरूपयोग रोकने के लिए निरीक्षण जारी–अब तक किए गए 2 हज़ार से अधिक निरीक्षण।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कोटखाई के देवरी–खनेटी में लगभग 38 करोड़ रूपए से बनी उठाउ पेयजल योजना का किया लोकार्पण।
- और
- राज्य में 9 अप्रैल तक व्यापक वर्षा की संभावना– अगले दो दिन अनेक जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अर्लट।